Bihar Education Project,
Shiksha Bhawan (3rd Floor),
Watson +2 High School Campus,
Madhubani- 847211

बिहार शिक्षा परियोजना,
शिक्षा भवन (तृतीय तल)
वाट्सन +2 उच्च विद्यालय परिसर,
मधुबनी– 847211

# कार्यालय:जिला शिक्षा पदाधिकारी,मधुबनी

## बिहार शिक्षा परियोजना,मधुबनी

### कार्यालय आदेश

राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् पटना के पत्रांक 2544 दिनांक 20.05.2026 के आलोक में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चतुर्थवर्गीय कर्मियों के नियोजन किया जाना है। राज्य कार्यालय के द्वारा वेबसाईट के माध्यम से (अनुसेवक– 1135, रात्रि प्रहरी/चौकीदार– 1407, मुख्य रसोईया– 432 एवं सहायक रसोईया– 362) कुल– 3336 अभ्यर्थियों के आनलाईन आवेदन उपलब्ध कराये गए है। दिनांक 17.06.2026 से 23.06.2026 तक अभ्यर्थियों का काउन्सिलिंग किया गया है। उक्त काउन्सिलिंग के उपरांत अभ्यर्थियों के आवेदन में परिलक्षित आपत्ति अभ्युक्ति कंडिका में अंकित की गई है। अतः निम्न संलग्न सूची में अंकित आपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का दावा (अगर हो तो) दिनांक 24.08.2026 तक कार्यालय अवधि में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के बिहार शिक्षा परियोजना,(सर्व शिक्षा अभियान) **शिक्षा भवन,तृतीय तल** (वाट्सन +2 उच्च विद्यालय परिसर),मधुबनी में निर्धारित **समय 10.00 बजे पूर्वाह्न से 05.00 बजे अपराह्न के बीच**) साक्ष्य सहित उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के उपरांत किसी प्रकार का दावा मान्य नही किया जायेगा।

**नोट :– आपत्ति से संबंधित विस्तृत विवरणी बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, मधुबनी के वेबसाईट www.bepmadhubani.org एवं जिले के बेवसाईट www.madhubani.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।**

17/08/26
संभाग प्रभारी
के0जी0बी0भी0,मधुबनी।

17/8/26
(कुमार सत्यम)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी–सह–
सदस्य सचिव, जिला नियोजन
समिति, के0जी0बी0भी0,मधुबनी।